पत्रांक:- 597 / m-14 / 22 दि० 08/07/2026

## दिनांक 30.06.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 30.06.2026 को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. श्री महेन्द्र राम, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. श्री हरि प्रसाद शर्मा, **AGM** मेघा इंजी0 एण्ड इंन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री लालचन्द्र, **PM,** श्री विवेक श्रीवास्तव, जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री रोहित कुमार, **DPM** जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन, संतकबीरनगर।
7. श्री बृजेश कुमार, **DPM** टी0पी0आई, संतकबीरनगर।
8. श्री ओ0पी0 तिवारी, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
9. श्री चन्द्रशेखर यादव, सहायक अभियन्ता एवं श्री आनन्द सिंह, श्री प्रभुत्व सिंह, श्री अभिषेक कुमार, श्री प्रशान्त पटेल, श्री विकास कुमार जू0इं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

### 1. कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद) :-

- ❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रा० लि०, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 443 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 योजनाओं के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं कुल 171 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 179 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- ❖ फेज-2 के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के AGM द्वारा पम्प हाऊस 179 के सापेक्ष 177 पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 परियोजनाओं **1. वि०ख०- पौली ग्राम पंचायत- अजवा खास 2. वि०ख०- मेंहदावल, ग्राम पंचायत- दुर्गजोत** में क्रमशः भूमि विवाद एवं एप्रोच रोड न मिल पाने के कारण पम्प हाऊस का कार्य बाधित है एवं क्लोरिनेशन सिस्टम 161 के सापेक्ष 134 पर कार्य कर रहा है। ओवरहेड टैंक 171 के सापेक्ष 102 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड टैंक का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु AGM द्वारा अवगत कराया गया। पाइपलाइन का कार्य 2106 किमी0 के सापेक्ष 1415 किमी0 पूर्ण कर लिया गया, शेष पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। फर्म के AGM द्वारा अवगत कराया गया कि 443 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 385 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं सीधे पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
- ❖ फर्म के AGM द्वारा बताया गया कि 54 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 15 MVS पेयजल योजना एवं 06 SVS पेयजल योजनाओं को जुलाई माह तक अनुरक्षण में ले जाने हेतु जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया, जिसे फर्म के AGM द्वारा पूर्ण कर O&M में जाने हेतु कहा गया।

❖ मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्दश दिये गये एवं रोड रेस्टोरेशन की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

❖ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के AGM से पूछा गया कि 106 नग पेयजल योजनायें जिसमें उ०प्र० सरकार द्वारा धनराशि का भुगतान किया गया था। उसमें कितनी ऐसी योजनायें है जो आप कि पूर्ण हो गयी है कितनी प्रगति पर है जिस पर AGM द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी 54 योजनायें पूर्ण करा लिया गया है, शेष योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

❖ जल सेवा आंकलन में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कमियों की सूची योजनावार फर्मो को उपलब्ध करायें, जिससे फर्म समय से कमियां दूर करायें।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 मेघा, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

2. **<u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन (जे०वी०), नई दिल्ली) :-</u>**

❖ **<u>जैक्शन फेज-5</u>** के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जैक्शन (जे0वी0) के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 115 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 113 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- बेलहर कला में लौहरौली ठकुराई एवं 2. वि0ख0- बघौली में ग्राम पंचायत- छराछ** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है तथा **विकास खण्ड- में मेंहदावल के ग्राम पंचायत- औरही** में ट्यूबेल की बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया था उक्त स्थल से NH की सीमा पर आ जाने के कारण अन्य भूमि की आवश्यकता है। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पम्प हाऊस 115 के सापेक्ष 110 पूर्ण कर लिया गया है। ओवरहेड टैंक 115 के सापेक्ष 26 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड टैंक का कार्य प्रगति पर है। फर्म के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 316 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 167 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

❖ फर्म के PM द्वारा बताया गया कि 08 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 08 MVS पेयजल योजनायें एवं 02 नग SVS पेयजल योजनाओं को जुलाई माह तक अनुरक्षण में ले जाने हेतु जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा लक्ष्य दिया गया है। जिसे फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पूर्ण कर O&M में जाने हेतु कहा गया।

❖ मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्दश दिये गये एवं रोड रेस्टोरेशन की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

❖ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के PM से पूछा गया कि 106 योजनायें जिसमें उ०प्र० सरकार द्वारा धनराशि का भुगतान किया गया था। उसमें कितनी ऐसी योजनायें है जो आप कि पूर्ण हो गयी है कितनी प्रगति पर है जिस पर PM द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी 08 योजनायें पूर्ण करा लिया गया है।

❖ जल सेवा आंकलन में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कमियों की सूची योजनावार फर्मो को उपलब्ध करायें, जिससे फर्म समय से कमियां दूर करायें ।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 जैक्शन, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

3. **कार्यदायी फर्म (विश्वराज (जे०वी०), नई दिल्ली) :-**

- **विश्वराज फेज-5** के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म विश्वराज (जे0वी0) के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 198 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 193 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- सेमरियावां में ग्राम पंचायत- पिपराहंकार** में 02 ट्यूबेल हेतु भूमि की आवश्यकता है **2. वि0ख0- हैंसर बाजार में ग्राम पंचायत- आगापुर गुलहरिया एवं इनायतपुर** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है तथा पम्प हाऊस 198 के सापेक्ष 189 पूर्ण कर लिया गया है तथा तथा **विकास खण्ड- खलीलाबाद में शिवापार, सियरा सांथा** पर एप्रोच रोड की समस्या होने के कारण कार्य बाधित है। ओवरहेड टैंक 175 के सापेक्ष 67 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड पर टैंक का कार्य प्रगति पर है। फर्म के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 487 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 242 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
- फर्म के DPM द्वारा बताया गया कि 33 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 09 MVS पेयजल योजनायें एवं 04 SVS पेयजल योजनाओं को माह जुलाई 2026 तक पूर्ण कर अनुरक्षण में जाने का लक्ष्य जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया, जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा पूर्ण करने हेतु कहा गया।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्देश दिये गये एवं रोड रेस्टोरेशन की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।
- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म के PM से पूछा गया कि 106 योजनायें जिसमें उ०प्र० सरकार द्वारा धनराशि का भुगतान किया गया था, उसमें कितनी ऐसी योजनायें है जो आप कि पूर्ण हो गयी है कितनी प्रगति पर है जिस पर PM द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी 33 योजनायें पूर्ण करा लिया गया है।
- जल सेवा आंकलन में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कमियों की सूची योजनावार फर्मो को उपलब्ध करायें, जिससे फर्म समय से कमियां दूर करायें ।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 विश्वराज, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

4. **कार्यदायी फर्म (जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०, गुजरात) :-**

- जल निगम की Old Scheme /Other than JJM की प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 07 योजनाएं जिसमें 15 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, पूर्ण रुप से क्रियाशील है तथा 63 पेयजल योजनाएं जिसमें 141 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, आंशिक रुप से क्रियाशील है तथा 15 पेयजल योजनाएं जिसमें 26 राजस्व ग्राम सम्मिलित है अक्रियाशील है।
- संचालित कर रही फर्म में जयन्ती द्वारा अवगत कराया गया कि 04 योजनायें क्रमशः सेमरडाड़ी, पकरी आराजी, माधवपुर एवं सिया कटाई के प्रधान एवं सचिव द्वारा ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर नही किये गये है, जिसमें O&M का भुगतान लंबित है, पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि व्यक्ति रुचि लेकर ट्राई पार्टी एग्रीमेंट करावें।
- परसामाफी पेयजल के बंद होने पर मे० जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि० से जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूछा गया तो जयन्ती के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह बताया गया कि पी०डब्लू०डी० विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण करते समय 1.5 किमी० पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिस कारण जलापूर्ति अवरुद्ध है। जिसे जिलाधिकारी द्वारा तत्काल ठीक करने एवं धन की मांग पी०डब्लू०डी० विभाग से करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), DPM मे0 जयन्ती, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

❖ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टी०पी०आई० से पूछा गया कि योजनाओं पर कार्यो की गुणवत्ता एवं कमियां क्या पायी गयी है, जिस पर TPI द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये योजनाओं पर होने वाले मैटेरियल की टेस्टिंग करायी जाती है। टेस्टिंग रिर्पोट संतोषजनक होने पर सामाग्री का प्रयोग किया जाता है एवं यह भी बताया गया कि योजनाओं पर OHT में सीपेज पाया गया, जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये गये।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा अन्त में रोड रेस्टोरेशन की सूची उपलब्ध कराने के साथ भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण कटेगरी बनाकर संबंधित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर निस्तारण करावें।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न की गयी।

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।

*पत्रांक-* / / *दिनांक-*

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
4. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
5. जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०।
6. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर
8/7/2026